


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या–09** **बुधवार, दिनांक–12 मार्च, 2025 ई०।**

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वा० से 12:22 बजे अप० तक**

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 31 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(iii) 169 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–840 ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानांतरित एवं स्थगित।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम, श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, श्री गोपाल रविदास, श्री शमीम अहमद, श्री अजय कुमार, श्री महा नंद सिंह, श्री सत्यदेव राम, श्री रामबली सिंह यादव, श्री अमरजीत कुशवाह एवं श्री अजीत कुमार सिंह द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी। परन्तु आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव को पढ़ा गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री रणविजय साहू, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन, श्री सउद आलम, श्री मुकेश कुमार यादव, श्री विजय कुमार, श्री मुहम्मद इजहार असफी, श्री राजेश कुमार गुप्ता एवं श्रीमती मंजू अग्रवाल द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी। परन्तु आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री रणविजय साहू द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव को पढ़ा गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :–

(i) श्री मोहम्मद अनजार नईमी
(ii) श्रीमती भागीरथी देवी
(iii) श्री अजय कुमार
(iv) श्री मुहम्मद इजहार असफी
(v) श्री इजहारूल हुसैन
(vi) श्री सउद आलम
(vii) श्रीमती गायत्री देवी
(viii) श्री प्रणव कुमार
(ix) श्री मुरारी मोहन झा
(x) श्री मुकेश कुमार यादव
(xi) श्री राम सिंह
(xii) श्री अखतरूल ईमान
(xiii) श्री विद्या सागर केशरी
(xiv) श्री विजय कुमार
(xv) श्री उमाकान्त सिंह
(xvi) श्री बीरेन्द्र कुमार
(xvii) श्री अनिल कुमार
(xviii) श्री राणा रणधीर
(xix) श्रीमती ज्योति देवी
(xx) श्रीमती निशा सिंह
(xxi) श्रीमती कविता देवी
(xxii) श्रीमती रश्मि वर्मा
(xxiii) श्री मिश्री लाल यादव
(xxiv) श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी
(xxv) श्री विनय बिहारी
(xxvi) श्री जय प्रकाश यादव
(xxvii) श्री ललित नारायण मण्डल
(xxviii) श्री विजय कुमार खेमका
(xxix) श्री कुमार शैलन्द्र
(xxx) श्री पवन कुमार यादव

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

माननीय सदस्य, श्री प्रमोद कुमार, श्री जनक सिंह, श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पढ़ा गया। राज्य सरकार के माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 04:53 बजे अपराह्न तक)

[ इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ]

**[5 ] वित्तीय कार्य**

**वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [ खंड–03 (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग; वित्त विभाग; पेंशन; वाणिज्य–कर विभाग तथा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग) ] पर वाद–विवाद एवं मतदान :–**

माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री संजय सरावगी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात् राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :–

1. श्री इजहारूल हुसैन, स०वि०स०
2. डॉ० रामप्रीत पासवान, स०वि०स०
3. श्री फते बहादुर सिंह, स०वि०स०

( इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया। )

4. श्री विनय कुमार चौधरी, स०वि०स०
5. श्री मनोज कुमार यादव, स०वि०स०
6. श्री कुमार शैलेन्द्र, स०वि०स०

( इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया। )

7. श्री सत्यदेव राम, स०वि०स०
8. श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०
9. श्रीमती अनिता देवी, स०वि०स०
10. श्री अजय कुमार, स०वि०स०
11. श्री सूर्यकान्त पासवान, स०वि०स०
12. श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०
13. श्री ऋषि कुमार, स०वि०स०

( इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया। )

14. श्री अनिल कुमार, स०वि०स०
15. श्री ललित नारायण मंडल, स०वि०स०

तदुपरान्त माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री संजय सरावगी द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

## [ 6 ] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा नियम समिति का प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

## [ 7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 42 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेगें।

## [ 8] शुभकामना संदेश :-

आसन द्वारा माननीय सदस्यों से कहा गया कि रंगों एवं उमंगों का यह महापर्व हमारे समाज में प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। होली हमें आपसी मतभेद भुलाकर एकता और सौहार्द की भावना को सशक्त करने का संदेश देती है। ये पर्व सभी के जीवन में खुशियाँ, समृद्धि और मंगलकारी ऊर्जा लेकर आए। सभी माननीय सदस्यों, उनके परिवारजनों एवं राज्य के सभी निवासियों को रंगों के इस महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार दिनांक-17 मार्च, 2025 के 11.00 बजे पूर्वाहन तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक-12.03.2025

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।